Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of a Railway under bridge at level crossing No.82 B in Pratapgarh Parliamentary Constituency

श्री संगम लाल गुप्ता (**प्रतापगढ़**): सभापति महोदय, मेरे लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ के जनपद मुख्यालय पर स्थित रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ जंक्शन के सन्निकट चौक घंटाघर से जेल रोड जाने वाले रेलवे समपार संख्या 82 बी पर ट्रैफिक चार लाख से ऊपर होने के बावजूद निरंतर हो रही मांग और आश्वासन मिलने के बाद भी अभी तक आर यू बी के निर्माण की प्रक्रिया लंबित है, जिसके कारण दिन प्रतिदिन घंटो-घंटो जाम झेलना पड़ता है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि रेलवे समपार संख्या 82 बी जेल रोड से चौक घंटाघर पर तत्काल रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कराने का निर्देश देने की कृपा करें ।